SRI GURU TEGH BAHADUR SAHIB JI GOVERNMENT POLYTECHNIC, AMBALA CITY

संस्था स्तर की मैन्युअल ओपन काउन्सलिंग के लिए मुख्य निर्देश

1. उपरोक्त काउन्सलिंग के लिए आवेदन फार्म इस संस्था की वेबसाइट www.gpambala.ac.in से डाउनलोड किया जा सकता है | आवेदन फार्म का प्रिंट एक ही पेज पर आगे पीछे (Back to Back) लेना अनिवार्य है |
2. आवेदन फार्म, क्वालीफाइंग एग्जाम की सत्यापित फ़ोटो प्रति व सभी जरुरी दस्तावेजो सहित इस संस्था में व्यक्तिगत रूप से अंतिम तिथि 07.07.2026 (शाम 4 बजे तक) से पहले जमा करवाना जरुरी है | अंतिम तिथि के बाद प्राप्त किसी भी आवेदन फॉर्म पर विचार नहीं किया जायेगा |
3. **अति महत्वपूर्ण** : अभ्यर्थियो का पहले से बना रैंक अगर कोई है तो वह रैंक, इस संस्था स्तर की काउन्सलिंग के लिए मान्य नहीं होगा | सभी अभ्यर्थी जिन्होंने पहले से ऑनलाइन आवेदन किया हुआ है और जिनका रैंक भी बना हुआ है उनको भी नया आवेदन फार्म भरना जरुरी है, बिना आवेदन फार्म भरे किसी भी अभ्यर्थी की काउन्सलिंग पर विचार नहीं किया जायेगा |
4. संस्था स्तर की ओपन काउन्सलिंग की प्रक्रिया इस प्रकार रहेगी :
   - पहले राउंड की काउन्सलिंग दिनांक 09.07.2026 सुबह 10 बजे, सभी वर्ग (आरक्षित और अनारक्षित) के अभ्यर्थियों के लिए रहेगी |
   - दिनांक 09.07.2026 की पहले राउंड की काउन्सलिंग के बाद, हरियाणा के आरक्षित वर्गों की जो सीटें खाली रहेगी, वह सारी सीटे दिनांक 10.07.2026 को सुबह 10 बजे, हरियाणा ओपन जनरल केटेगरी में परिवर्तित कर दी जायेगी और दिनांक 10.07.2026 को सुबह 10 बजे से 2nd राउंड की ओपन काउन्सलिंग द्वारा हरियाणा राज्य के अभ्यर्थियों से हरियाणा ओपन जनरल केटेगरी में, रैंक/मेरिट के आधार पर भरी जायेगी। वे अभ्यर्थी जिनको दिनांक 09.07.2026 कि ओपन काउन्सलिंग में भाग लेने के बाद भी सीट नही मिली या पसंद की सीट नहीं मिली, वो सारे अभ्यर्थी दोबारा दिनांक 10.07.2026 को सुबह 10 बजे भी, 2nd राउंड की ओपन काउन्सलिंग मे भाग ले सकते है | दिनांक 10.07.2026 को सुबह 10 बजे 2nd राउंड की ओपन काउन्सलिंग में "आल इंडिया केटेगरी (AIC)" की सीटें "आल इंडिया केटेगरी" व "हरियाणा ओपन जनरल केटेगरी (HOGC)" वर्ग के अभ्यर्थियों से रैंक\मेरिट के आधार पर भरी जायेगी |
   - ईसी तरह से दिनांक 10.07.2026 दोपहर 2 बजे सारी बची हुई खाली सीटें आल इंडिया केटेगरी में परिवर्तित कर दी जायेगी | अब यह सीटें हरियाणा राज्य के या हरियाणा राज्य के बाहर के अभ्यर्थियों से बिना किसी आरक्षण के, रैंक/मेरिट के आधार पर भरी जायेगी। वे अभ्यर्थी जिनको दिनांक 09.07.2026 व 10.07.2026 (दोपहर 1 बजे से

पहले) को काउन्सलिंग में भाग लेने के बाद भी सीट नही मिली या पसंद की सीट नहीं मिली, वो सारे अभ्यर्थी दोबारा दिनांक 10.07.2026 को दोपहर 2 बजे भी, 3rd राउंड की ओपन काउन्सलिंग मे भाग ले सकते है |

5. संस्था स्तर की ओपन काउन्सलिंग के लिए रिक्त सीटो की सूची दिनांक 08.07.2026, 5:00 PM के बाद, इस संस्था की वेबसाइट www.gpambala.ac.in पर प्रकाशित कर दी जायेगी |
6. आवेदन फार्म, क्वालीफाइंग एग्जाम की सत्यापित फ़ोटो प्रति व सभी जरुरी दस्तावेजो सहित इस संस्था में व्यक्तिगत रूप से अंतिम तिथि से पहले जमा करवाना जरुरी है | अंतिम तिथि के बाद प्राप्त किसी भी आवेदन फॉर्म पर विचार नहीं किया जायेगा | सभी अभ्यर्थियों, जो हरियाणा राज्य के निवासी है, उनको अपने आवेदन फार्म के साथ नवीनतम व सत्यापित परिवार पहचान पत्र लगाना जरुरी है | आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियो को अपने आवेदन फार्म के साथ जिस आरक्षित वर्ग से वो सम्बन्ध रखते है, उसका प्रमाण पत्र लगाना जरुरी है |
7. काउन्सलिंग के दिन अभ्यर्थी के पास सभी मूल दस्तावेज (Original Documents), 5250/- रुपए फीस (लड़कियों व TFW वर्ग के लिए 3750/- रूपए) व दो फोटो होने चाहिए |
8. काउन्सलिंग के दिन अभ्यर्थी को संस्था में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित रहना अनिवार्य है | अगर कोई अभ्यर्थी अपना रैंक/मेरिट आने पर संस्था में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित नहीं मिलेगा, तो काउन्सलिंग प्रक्रिया को न रोकते हुए मेरिट/ रैंक में अगले अभ्यर्थी को सीट का आवंटन कर दिया जायेगा | अगर कोई अभ्यर्थी देर से या अपना रैंक / मेरिट निकल जाने के बाद रिपोर्ट करता है तो ऐसे अभ्यर्थी को उस समय उपलब्ध सीटों पर सीट आवंटन के लिए विचार किया जाएगा।
9. डिप्लोमा इंजी. और डिप्लोमा इंजी. (लेटरल एंट्री) में दाखिले के लिए विस्तृत पात्रता शर्तो को देखने के लिए www.hstes.org.in पर डिप्लोमा प्रॉस्पेक्टस 2026-27 को ध्यान से पढ़े | अधिक जानकारी के लिए टेलीफोन नं: 8708644600, 0171-2443222 पर संपर्क करे |

अपना वोट, आपकी पहचान, आपकी जिम्मेदारी |
"त्रुटिरहित मतदाता सूचि का निर्माण"
अपने परिवार से S.I.R. - 2026 का फॉर्म भरवाएँ

प्रधानाचार्य